**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 12.06.2025**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में थाना सिरसाकलार पुलिस द्वारा थाना सिरसाकलार में पंजीकृत मु0अ0सं0 60/25 धारा- 118/125 (ख) बीएनएस व 27 आर्म्स एक्ट में वांछित अभियुक्त को एक अदद 12 बोर लाइसेंसी बन्दूक के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।**

कृपया अवगत कराना है कि दिनांक **18.05.2025** को वादी श्री राजन सिंह पुत्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम इन्द्रपुरा थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात द्वारा थाना सिरसाकलार जनपद जालौन में तहरीर दी गयी थी कि वादी अपने भाई रामशरण पुत्र प्रताप सिंह के साथ बारात मे दृश्या रिसोर्ट न्यामतपुर थाना सिरसाकलार आया हुआ था जहां टीका के समय अभियुक्त डैनी उर्फ कुशल प्रताप सिंह पुत्र अजय सिंह निवासी टिकरी थाना सिरसाकलार जनपद जालौन द्वारा लाइसेंसी बन्दूक से हर्ष फायरिंग करते समय आवेदक के भाई रामशरण सिंह पुत्र प्रताप सिंह व सोनेलाल निवासी ग्राम सीकरी रहमानपुर व लाखन सिंह निवासी महदेवा व वीरेन्द्र सिंह निवासी अनवा जनपद कानपुर देहात को गोली के छर्रे लगने से वे घायल हो गये है। वादी की तहरीर के आधार पर थाना सिरसाकलार में मु0अ0सं0 60/25 धारा- 118/125 (ख) बीएनएस 27 आर्म्स एक्ट बनाम डैनी उर्फ कुशल प्रताप सिंह पुत्र अजय सिंह निवासी टिकरी थाना सिरसाकलार जनपद जालौन पंजीकृत किया गया था।

उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना सिरसाकलार पुलिस टीम को लगाया गया था, जिसके फलस्वरूप थाना सिरसाकलार पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर / वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी के दौरान दिनांक 12.06.2025 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त डैनी उर्फ कुशल प्रताप सिंह पुत्र अजय सिंह निवासी टिकरी थाना सिरसाकलार जनपद जालौन को निर्माणाधीन सडक ग्राम टिकरी के पास से एक अदद 12 बोर लाइसेंसी बन्दूक के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।
थाना सिरसाकलार पुलिस द्वारा अभियुक्त के शस्त्र लाइसेंस के निरस्तीकरण की कार्यवाही करायी जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम –**

1. डैनी उर्फ कुशल प्रताप सिंह पुत्र अजय सिंह उम्र करीब 26 वर्ष नि0 टिकरी थाना सिरसा कलार जनपद जालौन

**अभि0 डैनी उर्फ कुशल प्रताप उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0स0-89/2020 धारा-147/323/504/506 भादवि थाना सिरसाकलार।
2. मु0अ0स0-60/2025 धारा -118/125(ख) बीएनएस व 3/25/27 ए एक्ट थाना सिरसाकलार।
3. मु0अ0स0-116/2022 धारा-376डी/504/506 भादवि थाना कुठौद।

**बरामदगी का विवरण-**

1. एक अदद 12 बोर लाइसेंसी बन्दूक

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक थाना सिरसाकलार मय पुलिस टीम।